खबर संक्षेप

प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में समीक्षा के दौरान सीमांकन एवं नक्सास तर्मीम के प्रकरणो में अपेक्षित प्रगति नही होने पर प्रभारी तहसीलदारो, प्रभारी नायब तहसीलदारो तथा नायब तहसीलदारो से कहा है कि क्यो न उक्त कृत्य के लिए आपके विरूद्ध मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम के तहत एक वेतन वृध्दि असंचयी प्रभाव से रोक दी जाए । कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा है कि आप अपना जवाब सात दिवस के अंदर समक्ष मे प्रस्तुत करें ।

चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस नगर के सीए हुए सम्मानित

शहडोल । चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब विराट द्वारा नगर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया गया । 1 जुलाई आयोजित इस कार्यक्रम में सीए सुशील सिंघल, दलजीत सिंह, पंकज ओचानी, अमित बजाज एवं कमलेश अग्रवाल का सम्मान किया गया । इसके साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाज सेवियों को भी सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में रोटरी क्लब विराट शहडोल के अध्यक्ष सुशील खोडियार, सचिव सीएम मिहानी, कोषाध्यक्ष जय सुखलाल चावडा, सहायक प्रान्तपाल अशोक सराफ के साथ क्लब के सदस्य प्रकाश ओचानी, महेन्द्र सराफ, लखन बुचवानी, राजीव चपरा, सतनाम सिंह, शेखर ढंड, जसबीर सिंह, देवेन्द्र ठारवानी,शाहिद खान उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन नरेंश सिंघल ने किया ।

ट्रांसफार्मर से लदे ट्रक में भीषण आग

उमरिया। जिले के पाली थाना अंतर्गत जोहिला नदी के पुल पर बिरसिंहपुर पाली से नौरोजाबाद की ओर जा रहे ट्रांसफार्मर से लदे ट्रक में अचानक आग लग जाने से कोहराम मच गया। वही एनएच 43 सडक़ में जाम लग जाने से लम्बा जाम लग गया। ट्रक चालक अपनी जान बचाकर कहीं भाग गया। एनएच-43 सडक़ में जाम लग जाने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिरसिंहपुर पाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दमकल से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया, जिसमें सफलता भी मिल गई। यदि आग पर जल्दी काबू नहीं पाया जाता तो बहुत बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता था। ट्रक में लगी आग की लपट इतनी भयानक थी कि राहगीरों की रूह कांप गई, जो जहां था, वहीं रुक गया। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने आग पर कुछ ही देर में काबू तो पा लिया, लेकिन आग लगने की कोई वजह अभी तक सामने नहीं आ पाई है। आग लगने की अलग-अलग वजह लोग बता रहे हैं, जिसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर ट्रक में आग कैसे लगी। ट्रक में सवार स्टाफ भी मौके पर नहीं मिला है, जिससे अभी तक पुलिस ने कोई बयान भी दर्ज नहीं किया है।

वृद्ध महिला ने की खुदकुशी

शहडोल। जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के देवगढ़ गांव में बीमारी से परेशान होकर 62 वर्षीय वृद्ध महिला ने घर के आंगन में लगे पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार की सुबह देवगढ़ गांव की रहने वाली लल्ली बाई पति छोटे लाल उम्र 62 वर्ष का शव फांसी में लटकता हुआ उसके घर के आंगन में लगे एक पेड़ में मिला है। महिला घर में अकेली रहती थी। पड़ोस के लोगों ने सुबह जब फांसी में लटका महिला का शव देखा तो मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले पर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला लल्ली बाई काफी समय से बीमार चल रही थी।

तीन दिवस के भीतर जमीन खाली कराएं: धरने की दी चेतावनी

सरकारी भूमि पर कर रहा कब्जा, अधिकारी तमाशा देख रहे

प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण आज नगरीय क्षेत्रों में स्थित सरकारी जमीनों पर कब्जा करने की होड़ लगी हुई है और लोग आंख मूंद कर उन जमीनों पर निर्माण कार्य करा रहे हैं।

शहडोल।

ज्ञातव्य है कि इस संबंध में आए दिन शिकायतें हो रहीं हैं और अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है लेकिन कोई लाभ नहीं हो रहा है। जिससे वरिष्ठ अधिकारी भी संदेह के घेरे में आ चुके हैं। जयसिंहनगर में एक भूमि नगरपरिषद को हॉकर जोन बनाने के लिए आवंटित की गई थी लेकिन अब वहां कब्जा किया जा रहा है। जिसे हटवाने तीन दिन की चेतावनी के बाद नगरपरिषद अध्यक्ष परिषद समेत अब धरने पर बैठने वाली हैं। प्रशासन ने इस भूमि को वर्ष 2018 में आवंटित किया था। जब परिषद को इस भूमि पर निर्माण की आवश्यकता पड़ी तो ज्ञात हुआ कि इस पर दूसरे लोग कब्जा कर रहे हैं। अब यही भूमि खाली करवाने के लिए परिषद परेशान है।

ठेला व्यवसायियों के लिए बनेगा शेड

इस भूमि पर नगरपरिषद अब हॉकर जोन बनाने की तैयारी कर रही है। यहां हाथ ठेला विक्रेताओं लिए शेड निर्मित किया जाना है ताकि उन्हे व्यवसाय करने में कठिनाई नहीं हो और उन्हे भी बैठने के लिए एक स्थाई जगह मिल सके। शेड निर्माण संबंधी मांग काफी दिनो से की जा रही थी। लेकिन किन्ही कारणों से इनका निर्माण संभव नहीं हो सका था। जब निर्णय लिया गया तो भूमि पर अतिक्रमण होने लगा। इस अतिक्रमण को लेकर पूरी परिषद में एक असंतोष और हलचल की स्थिति बनी हुई है। अगर भूमि नगरपरिषद को नहीं मिली तो हॉकर जोन फिर खटाई में पड़ जाएगा।

6 वर्षों तक परिषद भी रही बेखबर

कलेक्टर शहडोल द्वारा यह भूमि अब से 6 वर्ष पूर्व आवंटित की थी। तब से अब तक परिषद भी इस ओर निश्चिंत बनी रही और उसने जमीन की सुरक्षा का कोई उपाय नहीं किया। बताते हैं कि पीडब्लूडी द्वारा भूमि छोडऩे के बाद यह जमीन लावारिस सी पड़ी रही। अगर परिषद ने उसी समय इस भूमि की सुरक्षा की होती और इसमें घेरेबंदी करा दी होती तो शायद यह नौबत नहीं आती। अब अतिक्रमण करने वाले इस भूमि को अपनी संपत्ति बता रहे हैं और विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है।

कलेक्टर ने आवंटित की थी भूमि

बताया गया कि कलेक्टर शहडोल ने अप्रैल 2018 में एक निर्णय पारित कर सार्वजनिक प्रयोजन हेतु शासकीय भूमि आराजी खसरा नंबर 646/1 अंश रकबा 0.430 हेक्टयर नगर परिषद जयसिंहनगर को आवंटित की थी। इस भूमि पर पहले पीडब्लूडी का गेंगहट था। लेकिन इस विभाग ने रेस्टहाउस के समीप गेंगहट व्यवस्थित कर लिया। जिससे यह भूमि नगरपरिषद को एलाट कर दी गई थी। इसी भूमि पर अब कुंज बिहारी गुप्ता, संजय गुप्ता, पंकज गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 1 द्वारा कब्जा किया जा रहा है। जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

धरने की दे रहीं चेतावनी

नगरपरिषद अध्यक्ष श्रीमती सुशीला शुक्ला ने एसडीएम जयसिंहनगर को सूचना देने बावत एक ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि अगर इस भूमि को तीन दिवस के अंदर खाली नहीं कराया गया तो वे परिषद के अन्य अधिकारियों के साथ धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगीं और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होने एसडीएम दिए ज्ञापन में इस आशय का भी खुलासा किया है कि जमीन के अतिक्रमण के संबंध में अधिकारियों को निरंतर सूचना दी गई पर कोई कार्रवाई नहीं होने से धरने की स्थिति निर्मित हो रही है। हालत यह है कि सरकारी भूमि को खाली कराने जयसिंहनगर के प्रथम नागरिक जैसे गरिमापूर्ण व्यक्ति को धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा।

खुली सडक़ में बह रहा नाली का पानी, बढ़ा बीमारियों का खतरा

शहडोल। नगर की सर्वाधिक आबादी वाली कालोनी न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बनी नालियों का पानी खुली सडक़ में बह रहा है जिससे पूरे कालोनी क्षेत्र में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कालोनी को बने लगभग 25 साल से भी अधिक का समय हो चुका है । वार्ड पार्षद और नगर पालिका की उदासीनता के कारण पूरी कालोनी का हाल बुरा है। कालोनी में रोज सफाई कर्मचारी भी आते है लेकिन गंदगी और पानी के भराव की ओर कोई भी अधिकारी या सफाई कर्मी ध्यान नहीं दे रहा है। कालोनी में रोज सफाई कर्मचारी भी आते है लेकिन गंदगी और पानी के भराव की ओर कोई भी अधिकारी या सफाई कर्मी ध्यान नहीं दे रहा है।मरम्मत के अभाव में कॉलोनी के अंदर की नाली कई जगह से टूट गई है। नाली का गंदा पानी निकलकर सडक़ों में एकत्र हो रहा है। पानी के भराव से मच्छर मक्खी जैसे जीव पनप रहे है। जिसके कारण कालोनी में संक्रामक रोग फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। कालोनी वासियों ने बताया कि मुख्य मार्ग से लगे रास्ते में पिछले कई दिनों से पानी भरा हुआ है। जिसकी साफ सफाई के लिए कोई भी नहीं आया है । साफ सफाई के अभाव में जहरीले जीव नालियों से निकल कर लोगों के घरों में घुस रहे है ।कालोनी में रोज सफाई कर्मचारी भी आते है लेकिन गंदगी और पानी के भराव की ओर कोई भी अधिकारी या सफाई कर्मी ध्यान नहीं दे रहा है। कालोनी वासियों ने नगरपालिका से शीघ्र सफाई करवाने की मांग की है ।

एक की डेढ़ साल में शुरू नहीं हुई पेंशन, दूसरे की पेंशन कर दी बंद

किसान को नहीं मिला मुआवजा, जनसुनवाई में सुनाई लोगों ने अपनी फरियाद

शहडोल।

कमिश्नर ने साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। शहडोल जिले के तहसील बुढार निवासी महेश सिंह ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बताया कि नगर परिषद बुढ़ार मे बाल मैन के पद पर (जल प्रदाय शाखा) में कार्यरत था मैं 30 दिसम्बर 2022 को सेवा निवृत्त हो गया हूं। मेरा अभी तक पेंशन का निर्धारण नही किया गया है, जिससे मुझे को घर का खर्च चलाने में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि मुझे 1 वर्ष 6 महीने बीत जाने के बाद भी पेंशन नही मिल रही है। महेश सिंह का कहना था कि मुझे पेंशन का निर्धारण पेंशन दिलाया जाए। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर पेंशन दिलाने के निर्देश दिए।

साहब नहीं मिली क्षतिपूर्ति

ग्राम सामतपुर तहसील सोहागपुर निवासी कुमन सिंह, ललन सिंह, प्रेमकुमारी व अन्य किसानों ने जनसुनवाई में सामूहिक आवेदन देकर बताया कि ग्राम कोदवार खुर्द प.ह. नं. 110 में स्थित है, जिसमें हम लोगो ने अपने अपने पटट् व कब्जे की भूमि करीब 13 एकड़ में गेंहू की फसल लगाये हुए थे, जो पककर तैयार होकर काटने योग्य हो गया था, 24 मार्च 2024 को दोपहर में अचानक आग लग जाने के कारण पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई, जिसके उपरांत हम लोगो के द्वारा तुरन्त ही हल्का पटवारी व थाना सिंहपुर मे सूचित किये और हल्का पटवारी द्वारा तुरंत उक्त दिनांक को मौके से जाकर निरीक्षण कर जॉच प्रतिवेदन क्षतिपत्रक पंचनामा तैयार कर नायब तहसीलदार अमरहा सर्किल मे जमा किया गया है, किन्तु आज दिनांक तक हम किसानों को उक्त गेंहू की फसल नुकसानी की क्षति प्राप्त नही हो सकी है। जिससे हम खरीफ की फसल धान सोयाबीन की बोबाई करने में असमर्थ हमारे पास पूर्व से बैंक का कर्जा बना हुआ है, बैंक से कर्ज लेकर ही गेंहू की फसल लगाये थे और गेंहू की फसल जलकर राख हो जाने से हम बैंक का कर्ज नही पटा पा रहे है और हम खाद बीज भी नही ले पा रहे है, क्षतिपूर्ति की राशि के लिए ठोकरे खाते फिर रहे है। उन्होंने बताया कि किसानो की स्थिति परिस्थिति देखते हुए गेहू की फसल की नुकसानी की क्षतिपूर्ति की राशि जल्द से जल्द प्रदाय कराया जाए जिससे हमें आगे की फसलों का पैदावार कर सकें। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन देकर क्षति हुई फसलों की राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बंद कर दी पेंशन

जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम पंचायत धुरवार निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक रामकरण शुक्ल ने आवेदन देकर बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मेरी पेंशन की राशि बिना सूचना दिए बंद कर दी गई, जिससे मुझे काफी समस्याए हो रही है। उनका कहना था कि मेरी पेंशन की राशि पुनः प्रारंभ करवाई जाए। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित पेंशन पुनः प्रारंभ करने के निर्देष दिए।

जनसुनवाई में ग्राम सचिव के स्थानान्तरण करने की आई शिकायत

कलेक्टर ने सुनी लोगों की शिकायतें, निराकरण के दिए निर्देश

शहडोल।

कलेक्टर तरूण भटनागर की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर तरूण भटनागर ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए हुए लोगों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के जनपद पंचायत बुढ़ार के ग्राम पंचायत चन्द्रपुर के ग्राम वासियों से संयुक्त रूप से आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत चन्द्रपुर में ग्राम सचिव के पद पर रामलखन शुक्ला पदस्थ हैं। ग्रामीणो ने बताया कि सचिव रामलखन शुक्ला नियमित रूप से ग्राम पंचायत में उपस्थित नहीं रहते हैं। शासकीय कार्य में रूचि नहीं लेते हैं। जिस कारण से ग्राम पंचायत में कोई विकास कार्य भी नहीं हो रहे हैं तथा ग्रामीण जनों का समय से कोई कार्य नहीं हो पाता है। ग्रामीण जनों का कहना था कि सचिव रामलखन शुक्ला का ग्राम पंचायत चन्द्रपुर से स्थानान्तरण कर दिया जाए। जिस पर मामले की सुनवाई करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाए।

2 साल बाद भी नहीं मिली अनुग्रह सहायता

जनसुनवाई में श्रीमती मुन्नी काछी पति स्व. कामता काछी निवासी ग्राम खन्नौधी तहसील गोहपारू ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे पति स्व. कामता काछी की आकस्मिक मृत्यु 31 जनवरी 2022 को हुई थी। मेरे पति के नाम से संबल कार्ड बना हुआ था, मैने अनुग्रह सहायता राशि के लिए कार्यालय जनपद पंचायत गोहपारू में आवेदन किया था। उन्होनें बताया कि मुझे आज तक अनुगृह राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उनका कहना था कि उन्हे अनुगृह राशि का भुगतान कराया जाए । जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि इस मामले में जांच कर अनुगृह राशि का भुगतान कराने की कार्यवाही करें।

खपत से ज्यादा आ रहा बिल

जनसुनवाई में संजीव कुमार तिवारी ग्राम पंचायत बोडरी तहसील सोहागपुर जिला शहडोल ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे घर में मेरे नाम से विद्युत कनेक्शन है। मेरे घर में बिजली का बिल मेरी खपत से ज्यादा आ रहा है, जिसका भुगतान करने मैं असमर्थ हू। उन्होनें बताया कि विद्युत विभाग द्वारा बिना मीटर रीडिंग चेक किए ही मनमाने तौर पर रीडिंग अपलोड कर बिल जनरेट कर दिया जाता। विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मीटर की रीडिंग लेने नहीं आता है। उनका कहना था कि मनमाने तौर पर फीड किए गए मीटर रीडिंग के कारण आए बिल को माफ किया जाए तथा प्रत्येक माह मीटर की रीडिंग लेने के बाद ही बिल जनरेट किया जाए। जिस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि इस मामले की जांच की जाए तथा उचित कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार कलेक्टर ने अन्य शिकायते भी सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

ग्राम रतवई में प्राचीन मंदिर अवशेष बने लोगों के आकर्षण का केंद्र

प्रतिहार कालीन शिव मंदिर एवं पुरावशेष ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण

शहडोल। संभाग के तीनों जिले ऐतिहासिक धरोहरों से समृद्ध हैं और अनूठे इतिहास को समेटे हुए है। सम्पूर्ण क्षेत्र में अनेक धरोहर और प्राचीन पुरावशेष पाए हैं जो यहां के समृद्धशाली इतिहास को प्रदर्शित करते है । तीनों जिलों में प्राचीन मंदिरों और पुरावशेष की लंबी श्रृंखला विद्यमान है। इसे देखने के लिए पूरे भारत से लोग आते हैं । अनेक मंदिर एवं अवशेष इतिहास विद्यार्थियों के शोध का विषय हैं । जिला मुख्यालय के समीप उमरिया जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम रतवई में प्राचीन अवशेष से युक्त मंदिरों की श्रृंखला स्थित है। इस स्थान में सोन नदी का अपवाह क्षेत्र भी है ।

हरियाली से युक्त यह क्षेत्र शहडोल से 35 किलोमीटर और उमरिया से 80 किलोमीटर की दूरी पर मानपुर-कोनी मार्ग में स्थित है। अपनी ऐतिहासिकता एवं भव्य बनावट के कारण यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है । रतवई के समीप ग्राम मढ़ी गोंड बाहुल्य क्षेत्र के अंतर्गत आता है जहां पर गोंडवाना आदिवासियों की आबादी सर्वाधिक रही है। मान्यता है कि इस क्षेत्र में पांडवों ने अपना अज्ञातवास बिताया था। प्राचीन मंदिरों के पास ही एक कुंड है जो शहडोल के प्राचीन बाणगंगा गंगा के कुंड से जुड़ा हुआ है। पास ही झरपानी नाम की जगह है, जहां पर कल-कल बहता हुआ झरना दिखाई देता है। क्षेत्र में घूमने और अवशेषों को देखने का आए युवाओं ने बताया कि इस जगह हम लोग पहले नहीं जानते थे। लेकिन जब इस जगह की जानकारी मिली तो मन में इस स्थान को देखने का कौतूहल हुआ और हम सभी आज यहां पर आए हैं। शहडोल की विराट मंदिर के समान ही यहां के मंदिर हैं तो देखने में बहुत ही अच्छे लगे । इस जगह का डेवलपमेंट होना आवश्यक है। यदि इस जगह पर सरकार या सम्मिलित विभाग अधिकारी ध्यान दें तो यह पर्यटन क्षेत्र के रूप में अच्छी तरह विकसित हो सकता है ।

पुरातत्वविद रामनाथ सिंह परमार ने बताया कि ग्राम रतवई में पांच मंदिर के समूह में अब तीन मंदिर ही शेष बचे हैं। दो मंदिर समय के साथ में नष्ट हो चुके है, जिनके अवशेष अभी भी विद्यमान है । इन मंदिरों का निर्माण प्रतिहार काल में आठवीं सदी में हुआ था। जबकि शहडोल नगर स्थित विराट मंदिर 10वीं 11वीं सदी का निर्मित कलचुरी कालीन कालीन निर्माण है। पुरातत्व विभाग द्वारा इसे राज्य संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है। प्रतिहार काल में बने इस मंदिर का निर्माण बेसर शैली किया गया है। इन मंदिरों में ऊंचाई भी कम है। मंदिर के बाहरी हिस्से में किसी भी प्रतिमा का निर्माण नहीं किया गया है। मंदिरों के प्रवेश द्वार भी छोटे है और सभी में शिवलिंग स्थापित है। मंदिरों के बाहरी हिस्से में किसी भी का निर्माण नहीं होने के कारण अन्य मंदिरों की अपेक्षाकृत साधारण प्रतीत होते है। मंदिर प्रांगण के बीच में वेदिका का निर्माण भी किया गया है। एक ही चबूतरे पर निर्मित इन मंदिरों में कुछ मंदिर पूर्व मुख तो कुछ पश्चिम मुखी है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से यह मंदिर और क्षेत्र महत्वपूर्ण है, जिनका संरक्षण किया जाना आवश्यक है। इस स्थान में पेयजल सुविधा एवं सुरक्षित परिसर का निर्माण किया आवश्यक है जिससे इस स्थान घूमने आने वाले लोगो को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े ।

खबर संक्षेप

सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी निलंबित

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह को मप्र सिविल सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय पशु चिकित्सालय करकेली नियत किया गया है । शासन के निर्देशानुसार शासकीय कार्यालयों के खुलने का समय प्रातः 10 बजे से निर्धारित किया गया है, जिसकी हकीकत जानने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा विगत दिनो उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुष्पेन्द्र सिंह सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी बिना अवकाश स्वीकृत कराए बिना कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। उनका यह कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत है ।

कलेक्टर ने धमेन्द्र का किया जिला बदर

उमरिया। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने नेता उर्फ धमेन्द्र द्विवेदी पिता चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी उम्र 36 साल निवासी ग्राम बरा चौकी अमरपुर थाना इंदवार को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा के अंतर्गत जिला उमरिया सहित समीपी राजस्व जिला शहडोल, अनूपपुर, मैहर, जबलपुर, कटनी तथा डिंडौरी की चतुर्दिक राजस्व सीमाओ से तीन माह की अवधि के लिए निष्कासित किया है । अनावेदक आदेश दिनांक से 24 घंटे के अंदर विर्निष्टि जिलो की सीमा से बाहर जाकर अपने आचरण में सुधार करेंगे । आदेश प्रभावशील रहने तक बिना अनुमति के उक्त सीमाओ मे प्रवेश नही करेगा । उसके विरूध्द चल रहे न्यायालयीन मामलो की पेशी की तिथियो पर थाना प्रभारी थाना मानपुर को लिखित सूचना देने पर उपस्थिति की छूट रहेगी । पेशी के तुरंत बाद अनावेदक इस आदेश का पालन करेगा । आदेश के उल्लंघन की दशा में धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी ।

नवीन अपराध अधिनियम में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

उमरिया। भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 जुलाई 2024 से नवीन आपराधिक कानून 2023 लागू हो गये है, जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु उमरिया पुलिस के समस्त अधिकारी/कर्मचारी भी पूरी तरह से प्रशिक्षित है तथा आमजन भी इस संबंध में जागरूक रहे इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक उमरिया ने आम जनता में भी इसका प्रचार प्रसार करने हेतु कार्यवाही के दिशा-निर्देश दिये गये है।

दुकान में अराजक तत्वों ने लगाई आग

कोतमा। नगर के वार्ड क्रमांक 9 में रहने वाले स्टांप वेंडर सतीश गुप्ता के तहसील परिसर में स्थित दुकान में सोमवार _मंगलवार की दरमियानी रात को अज्ञात बदमाशों द्वारा दुकान में आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सुबह घटना की जानकारी के बाद तहसील परिसर में भारी भीड़ एकत्र होने के साथ अक्रोषित दिखे। व्यापारियों एवं अन्य लोगो के द्वारा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर थाने में जमा हो गए। उक्त अघटना के बाद अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, एडवोकेट एवं तहसील परिसर में दुकान लगाने वाले व्यापारियों द्वारा थाने पहुंचकर मामले में संदिग्ध के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की गई है। पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए साक्ष्य एवं संदिगध की तालाश में जुट गई है। दुकान में आग लगने से लगभग 2 लाख रुपए से ज्यादा के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर राख हो गए। फरियादी सतीश गुप्ता पिता कोमल गुप्ता द्वारा थाने में दर्ज कराई शिकायत के अनुसार स्टांप वेंडर का कार्य करता हूं तथा तहसील परिसर में फोटोकॉपी, कंप्यूटर टाइपिंग का व्यवसाय करता है। दो-तीन दिनों पूर्व से दुकान लगाए जाने को लेकर कुछ विवाद चल रहा था।

खनन के खलनायक कर रहे जबरिया खुदाई

पाली क्षेत्र में खुलेआम चल रही अवैध मुरूम खदान

खनिज विभाग के सर्वेयर पर ऑफ रिकार्ड संरक्षण देने के आरोप

अवैध खनन पर हो हल्ला इतना मच रहा है, लेकिन अफसरों की शह पर खनन के खलनायक जबरिया खुदाई करा रहे हैं, जब भी मामला उछलता है तो , छोटी-मोटी कार्रवाई कर अपना दामन साफ दिखाने की कोशिश होती है। खनन के असली खिलाड़ी तक पुलिस न पहुंचती है और न हीं खनिज विभाग के अफसर ही वहां तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं।

उमरिया।

शहर सहित पूरे जिले में गौण खनिजों की हो रही अवैध उत्खनन और परिवहन कर माफिया शासन को लाखों के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहें हैं। सब कुछ जानकर भी जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंद कर बैठे हुए हैं। अधिकारियों की लापरवाही का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिरसिंहपुर पाली के वार्ड नंबर 15 में मुरूम का अवैध उत्खनन हो गया, लेकिन आज तक किसने उत्खनन किया, इसका पता खनिज विभाग के जिम्मेदारों को लगाने फुर्सत नहीं है।

नहीं किसी को चिंता

रेल की तीसरी लाईन विस्तार का निर्माण किया जा रहा है, इसके लिए मुरूम की जरूरत को इसी तरह अवैध उत्खनन से पूरा किया जा रहा है। मुरूम की अवैध उत्खनन की कीमत पर्यावरण को भी चुकाना पड़ रहा है। इस अवैध मुरूम खदान के आस-पास स्थित बड़े पेड़ों की जड़ों को भी खोद कर नुकसान पहुंचाया गया है। खनन के कारण यह विशाल पेड़ धाराशायी होने के कगार पर पहुंच गया है, लेकिन इस सडक़ से होकर गुजरने वाले अधिकारियों को न तो शासन को रहे राजस्व नुकसान की चिंता है और ना ही पर्यावरण की है।

यह है मामला

बिरसिंहपुर पाली के वार्ड नंबर 15 दफाई-गिजरी के बीच में मुरूम का खुलेआम अवैध उत्खनन किया गया है, स्थानीय लोगों के साथ सभी लोगों को इस अवैध उत्खनन की जानकारी है, केवल खनिज विभाग को पता नहीं चला की उसके क्षेत्र में अवैध उत्खनन हो गया। चर्चा है कि स्थानीय प्रतिष्ठित व्यवसायी द्वारा तीसरी रेल लाईन निर्माण के दौरान अपने वाहनों से उत्खनन और परिवहन कराकर जमकर मलाई छानी है। वहीं चर्चा यह भी है कि अगर खनिज विभाग समय रहते इस मामले में कार्यवाही करता तो, शासन को लाखों का राजस्व मिलता।

नहीं छूट रहा उमरिया से मोह

खनिज संपदा से लवरेज उमरिया जिले में माईनिंग सर्वेयर के पद पर पदस्थ नर्मद सिंह आर्मो के लिए इनदिनों चर्चा है कि यह पूरा खनिज विभाग चला रहे हैं, अवैध उत्खनन करना है तो, नर्मद सिंह की ऑफ रिकार्ड अनुमति जरूरी हैं, बीते कई वर्षो से नर्मद सिंह आर्मो उमरिया जिले में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उनको जिले से इतना मोह गया है कि बीते वर्षो में संभवतः एक बार तबादला हुआ था, लेकिन चंद माहों में साहब वापस लौट आये, जानकारों की माने तो खनिज विभाग में अपनी पदस्थापना के दौरान साहब ने दोहरा लाभ खूब कमाया, उनके तथा उनके परिजनों की अगर संपत्ति की जांच हुई तो, श्री आर्मो खनिज विभाग के कुबेर पुत्र में शामिल नजर आयेंगे, चर्चा है कि जल्द ही कथित कर्मचारी की शिकायत जागरूक लोग ईओडल्ब्यू से करने की तैयारी में है।

साहब तय की जाये जवाबदेही

खनिज विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग केवल मुरूम परिवहन की अनुमति देता है। यदि किसी ग्रामीण इलाके में तालाब, नहर निर्माण आदि के लिए खनन किया गया है तथा मुरूम निकली है तो, उस मुरूम को दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए केवल परिवहन की ही अनुमति दी जाती है, वह भी पूरी औपचारिकता के बाद कलेक्टर से मिलती है। जिसके बाद परिवहनकर्ता को लिखित में देकर केवल परिवहन की ही अनुमति दी जाती है। परंतु इसके विपरीत बिरसिंहपुर पाली के आस-पास मुरूम के बड़े-बड़े खदान कैसे बन गए तथा अवैध उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की गई है, इस बात की जानकारी जब भी नर्मद सिंह आर्मो से चाही जाती है तो, वह खनिज अधिकारी पर दोष मढऩे लगते हैं। जागरूक लोगों ने कलेक्टर सहित संभागायुक्त से मांग की है कि बिरसिंहपुर पाली क्षेत्र में चल रही अवैध मुरूम खदानों को जांच कर बंद कराया जाये एवं खनिज विभाग के कथित कुबेर पुत्र की जवाबदेही तय की जाये।

ऑफ रिकार्ड दिया संरक्षण

खनिज विभाग के अधिकारी सालभर अवैध उत्खनन को रोकने तथा कार्रवाई करने के दावे जरूर करते हैं, परंतु इन दावों की हकीकत बिल्कुल उलट नजर आती है। बिरसिंहपुर पाली में मुरूम का अवैध रूप से उत्खनन इतना बड़ा रैकेट है कि आमजनों को इसके बारे में जानकारी ही नहीं है। प्रतिदिन शासकीय तथा निजी कार्यों के लिए मुरूम की आवश्यकता होती है। बिल्डिंग निर्माण में कॉलम के अंदर बेस पटिंग तथा सडक़ निर्माण में बेस के लिए सर्वाधिक आवश्यक मुरूम की ही होती है, मजे की बात तो यह है कि जिले में मुरूम की खदान स्वीकृत नहीं है, लेकिन करोड़ों रूपये के निर्माण में बराबर मुरूम की सप्लाई चल रही है, चर्चा है कि अवैध उत्खनन परिवहन को श्री आर्मो ने ऑफ रिकार्ड संरक्षण दिया हुआ है।

दीक्षारंभ समारोह कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

शहडोल।

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 1 जुलाई 2024 से दीक्षारंभ उद्घाटन सत्र समारोह का आगाज पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर में किया गया। यह दीक्षारंभ समारोह कार्यक्रम महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रोफेसर उत्तम सिंह सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र के नेतृत्व में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय होगा जिसमें प्रथम दिवस निर्धारित गतिविधियां संपन्न की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना, दीप प्रजवल्लन कर स्वागत गीत के साथ हुआ। नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का स्वागत/सम्मान तिलक लगाकर , पुष्प भेंट कर एवं गले में आई कार्ड शिक्षकों द्वारा पहनाकर किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने नव प्रवेशित छात्र छात्राओं एवं अतिथियों का अभिवादन करते हुए स्वगत भाषण देते हुए संस्था का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों के स्वागत उपरांत सभी ने अपनी बात रखी । सभी ने विद्यार्थियो को आशीर्वचन प्रदान किया साथ ही भारतीय संस्कृति , ज्ञान परम्परा में गुरू शिष्य के महत्व को रेखांकित किया। आज वर्तमान दौर में सोशल मीडिया एवं सायबर क्राइम जैसे अपराधो से बचने की भी हिदायत दी। किताबों को ही सच्चा मित्र माने एवं शिक्षक को मार्गदर्शक इस बात पर जोर दिया गया।

मंडल अध्यक्ष रामनारायण पाण्डेय द्वारा नवीन प्रवेशित छात्र-छात्राओ को शुभकामनाएं दी गई एवं पढ़ाई के प्रति लगनशीलता से मेहनत करने के लिए कहते हुए अपने लक्ष्यो को प्राप्त करने व अपने मां-बाप के सपनों को पूरा करने के लिए उत्साहित किया गया कार्यक्रम में उपस्थित आमंत्रित अतिथियों में रामनारायण पाण्डेय भाजपा मंडल अध्यक्ष जयसिंहनगर, राजेश द्विवेदी भाजपा मंडल अध्यक्ष करकी,तहसीलदार अंकिता पांडेय जयसिंहनगर , एस.पी चतुर्वेदी पुलिस थाना प्रभारी जयसिंहनगर, जिन्होंने देश में 1जुलाई 2024 से लागू होने वाले नए कानूनी बदलावों पर चर्चा की। साथ ही मंच पर उपस्थित साकेत कुमार मिश्रा, पशु चिकित्सा अधिकारी, देवा पयासी पार्षद एवं मंडल उपाध्यक्ष जयसिंहनगर, मीडिया प्रभारी पंकज पांडेय जयसिंहनगर , अनुपम द्विवेदी,आनंद कुमार त्रिपाठी आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. उत्तम सिंह ने नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित पाठक्रम एवं संकायों के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की शैक्षणिक संरचना और परीक्षा प्रणाली से संबंधित समस्त जानकारी प्रदान की गई । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजक दिलीप कुमार शुक्ला ने भी नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं खेल गतिविधियों से संबंधित जानकारी प्रदान की। अंत में वरिष्ठ छात्र-छात्राओं का नव प्रवेशित छात्र छात्राओं से परिचय कराया गया । इसके बाद महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कराते हुए विद्यार्थियो द्वारा वृक्षारोपण किया गया। दीक्षारंभ उद्घाटन सत्र समारोह के प्रथम दिवस में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ पूर्व छात्र एवं नव प्रवेशित छात्र छात्राओं की भी बहुतायत उपस्थिति रही।

जिले भर की स्कूलों में जिला प्रशासन की निगाह

जिला एवं जनपद अधिकारियों द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

उमरिया। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासो के तहत 2 जुलाई को जिले भर की स्कूलों में जिला स्तरीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों व्दारा औचक निरीक्षण किया गया । जिन अधिकारियो की नियुक्ति की गई थी, उन्हें आकस्मिक रूप से स्कूल खुलने के पहले तथा स्कूल बंद होने के समय मे से कोई एक समय का चयन कर स्कूल की वस्तु स्थिति का आंकलन करने के निर्देश दिए गए थे । इस कार्य में 92 अधिकारियों ने एक साथ स्कूल पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया । निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय का स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति , छात्रों की उपस्थिति, निरीक्षण के समय पर संचालित विषय, अध्याय, संचालित पाठ या विषय समय विभाग चक्र अनुसार है या नही, किन-किन छात्रो से चर्चा की गई, विद्यालय मे कुल शिक्षक, उपस्थिति, अतिथि शिक्षक, उपस्थित अतिथि शिक्षक, समय विभाग चक्र अनुसार अध्यापन की स्थिति, टाईम टेबिल के आधार पर पीरियड का संचालन, विद्यालय मे टीएलएम की उपलब्धता, विद्यालय में स्मार्ट क्लास के संचालन की स्थिति, कक्षा 1 एवं 2 अध्यापन एफ एल एन प्रशिक्षित शिक्षक व्दारा किए जाने की स्थिति का अवलोकन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह , एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी आर नाग, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, समस्त तहसीदार, जिला शिक्षा अधिकारी एम एस गौर, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पाण्डेय, उप संचालक पशु चिकित्सक सेवा डॉ. के.के.पाण्डेय, सहायक संचालक मत्स्य आशीष नायक, जिला प्रबंधक लोक सेवा गारंटी श्रीमती शुभांगी मित्तल, कार्यपालन यंत्री पीएचई विभाग अमित शाह, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मनीषा कांड्रा, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग व्दारा विद्यालयों का निरीक्षण किया गया ।

तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव एवं दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ

राजनगर। शासकीय महाविद्यालय राजनगर में शासन के निर्देशानुसार नव प्रवेशित छात्रों को महाविद्यालय के नए परिवेश को सहज महसूस कराना, उन्हें अपने संस्था के विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति से परिचित कराना, महाविद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों से अवगत कराते हुए महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम को सीखने के उद्देश्य से 1 जुलाई से प्रवेश उत्सव एवं दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ किया गया, जो 3 जुलाई तक चलेगा। इस शुभ घड़ी का शुभारंभ आज के मुख्य अतिथि श्रीमती राजकुमारी सिंह पार्षद, वार्ड नंबर 2, श्रीमती पार्वती पानिका, पार्षद वार्ड नंबर 1, श्रीमती सविता कुशवाहा पार्षद, वार्ड नंबर 6 के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात नव प्रवेशित छात्रों को फूलमाला पहनाते हुए टीका लगाकर एवं समस्त पधारे हुए गणमान्य नागरिकों, भूतपूर्व छात्रों तथा समस्त विद्यार्थियों को टीका लगाकर स्वागत किया गया। संतोष कुमार सक्सेना, (प्राचार्य) शासकीय उच्चतर बालक माध्यमिक विद्यालय राजनगर, मनिकपुरी सर , श्रीमती रेनू मैडम, श्रीमती सीता मैडम तथा अन्य स्टाफ भी उपस्थित थे। डॉ. माया पारस ने अपने उद्बोधन, स्वागत भाषण के दौरान कहा कि यह प्रवेशोत्सव एवं दीक्षारंभ कार्यक्रम इसलिए आयोजित की गई है। जिससे कि नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के गतिविधियों, संचालित पाठ्यक्रमों, एनईपी 2020 के शिक्षा प्रणाली, महाविद्यालय परिसर, महाविद्यालय की कार्य योजना, आदि के बारे में अवगत कराया जा सके। तथा नवप्रवेशित विद्यार्थियों का वरिष्ठ विद्यार्थियों के साथ सामंजस स्थापित करना। समस्त शैक्षणिक स्टाफ से परिचित कराना था। यह पहल, एक नई पहल है जिसे अपना जिम्मेदारी समझते हुए एक नए हर्षोल्लास के साथ कार्य करना चाहिए। इस मौके पर शासकीय महाविद्यालय राजनगर में उत्सव का माहौल रहा। विद्यार्थियों में एक नई जागृति एवं उत्साह देखने को मिला, एक तरफ जहां पुराने विद्यार्थी नई कक्षा में आकर खुश थे। वहीं नए विद्यार्थी पहली बार महाविद्यालय पहुंचकर प्रसन्नता महसूस कर रहे थे। महाविद्यालयीन समस्त विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ डॉ. हीरा सिंह गौड़, अनुसूईया प्रसाद रजक, डॉ. बृजलाल सिंह, डॉ. पूनम बैस एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति सराहनीय रही।

अब तक नहीं सुधरा जर्जर सड़क का हाल

जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, नगरवासियों की हो रही फजीहत

कोतमा। मानसून ने दस्तक दे दी लेकिन नगर की सड़कों की दशा मे कोई सुधार नहीं हुआ। बरसात के दिनों में अब तो डामरीकरण सीसी रोड निर्माण होने से रहा क्योंकि नगर की कोई भी सड़क ऐसी नहीं है जहां बरसात के दिनों में पानी न भर जाता हो। नगर पालिका क्षेत्र के किसी भी वार्ड में चले जाइए सही सलामत रोड नहीं मिलेगी। इसलिए तो बेहतर सड़के गांव की मिल जाएगी जो काम से काम चलने लायक तो हैं। बरसात पूर्व सड़कों की दशा सुधारने नगर पालिका के दावे कागजों तक सीमित रह गए। इस लापरवाही व लेट लतीफी की वजह से नागरिकों की पूरे बरसात के चार महीना में फजीहत ही रहने वाली है।

इन क्षेत्रों में परेशानी

वैसे तो लगभग पूरे नगर की सड़के जर्जर है लेकिन अनेक बड़े मोहल्ले वह कॉलोनी में परेशानी ज्यादा है मुखर्जी चौक से वीडियो मोड आरके स्टूडियो के आगे बीच रोड में डामरीकरण सड़क उखड़ गई है और गड्ढा हो गया है बारिश के दिनों में गड्ढे में पानी भर जाने के कारण दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को गड्ढा नजर नहीं आता जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बस स्टैंड से जकीरा चौक तक जाने वाली सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। आजाद चौक से कन्या स्कूल जाने वाले रास्ते में रूप कला स्टूडियो के आगे सड़क में गड्ढे हो गए हैं। वार्ड क्रमांक 7 हुंडई शोरूम के पास से बूढी माता मंदिर जाने वाले रास्ते में अभी डेढ़ साल हुए डामरीकरण सड़क का निर्माण हुए लेकिन जगह-जगह सड़क में बारिश का पानी भर जाने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुर्गी बाजार के पास से बूढी माता मंदिर जाने वाला रास्ता अत्यंत जर्जर हो गया है दो पहिया वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। वार्ड क्रमांक एक दफाई टोला में नवीन जैन के घर के सामने अभी 3 महीने पहले सीसी सड़क का निर्माण कर नगर पालिका के द्वारा करवाया गया है लेकिन उसे सड़क की द्वितीय उखड़ने लगी है जगह-जगह सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। बनिया टोला तिराहा से मुर्गी बाजार जाने वाले रास्ते में डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य सही ढंग से नहीं होने के कारण जगह-जगह सड़कों पर पानी भर जाता है और बारिश के दिनों में आवागमन करने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला में रोड मस्जिद के पीछे के मोहल्ले में बरसों पूर्व बना सीसी सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गया है जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर में ऐसी कई सके हैं जहां बारिश के दिनों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कमिश्नर कलेक्टर जैसे प्रशासनिक अधिकारियों ने हर बैठकों में बरसात पूर्ण सड़कों की हालत सुधारने के निर्देश दिए। नगर पालिका मे इन निर्देशों का पालन तो नहीं हुआ। नगर पालिका की ओर से यही कहा जाता रहा की बरसात पर जर्जर सड़कों की मरम्मत करवा दी जाएगी। नागरिकों में नाराजगी इसी बात को लेकर की नगर पालिका केवल उन्हीं कार्यों को करती रही जहां अधिक जरूरत नहीं थी। नगर पालिका के द्वारा वार्ड क्रमांक केरहा नल के पास से लगभग एक करोड़ 33 लाख की लागत से नाली एवं सड़क का निर्माण कर करवा रही है जबकि वहां पर सड़क की कोई आवश्यकता ही नहीं है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय राजेश सोनी के द्वारा वहां पर पगडंडी रास्ते में छोटी सीसी सड़क की गली का निर्माण करवाया था जो पर्याप्त था। लेकिन नगर पालिका के द्वारा कुछ निजी भूमि स्वामियों को विशेष लाभ पहुंचने के उद्देश्य से विशेष नीधि से विशेष सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।

खबर संक्षेप

सरस्वती उमा विद्यालय बिरसिंहपुर पाली में सेवा निवृत्ति अभिनंदन समारोह का आयोजन

बिरसिंहपुर पाली। पाली नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत श्रीमती मीना गौतम दीदी 30 जून को सेवा निवृत्त हुई। उनका विदाई समारोह 1 जुलाई को संस्था में आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने अपने शिक्षकीय कार्यकाल के अनुभव बताते हुए भावुक हो गईं। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्री रमाशंकर शिवहरे पूर्व व्यवस्थापक रमेश नसरानी, सह व्यवस्थापक रघुनाथ गुप्ता एवं आचार्य परिवार के साथ मीना गौतम दीदी के परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य श्री रवींद्र विश्वकर्मा ने किया।

किशोरी ने कर ली आत्महत्या

रीवा । जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र मे रिश्ते के भाई के साथ प्रेम संबंध में एक किशोरी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली,परिजनों का कहना है कि वह रिश्ते के भाई से प्रेम करती थी तो दूसरी ओर पुलिस गुमशुदगी के मामले में किशोरी को पास के ही गांव से दस्तयाब किया था। नौवस्ता चौकी प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि किशोरी के गुमशुदगी की शिकायत चोरहटा थाने में 28 जून को दर्ज कराई गई थी दूसरे दिन पुलिस ने किशोरी को नौबस्ता चौकी क्षेत्र से दस्तयाब किया था,17 वर्षीय किशोरी जब अपने घर पहुंची तो उसी दिन उसने जहर का सेवन कर लिया जिसे उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी एक जुलाई को मौत हो गई इधर परिजनों का कहना है कि रिश्ते के भाई के साथ उसका प्रेम संबंध चल रहा था लेकिन इस बात की जानकारी उन्हें नहीं थी वहीं दोनों के बीच विवाह होना भी संभव नहीं था पुलिस के द्वारा जब किशोरी को परिजनों के सुपुर्द किया गया तो वह घर पहुंची और जहर का सेवन कर लि,किशोरी की मौत होने के बाद संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची है जहां मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

अब तक 62.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा। जिले में दो जुलाई को 12.2 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। इस दिन जिले में सर्वाधिक सिरमौर में 30 मिलीमीटर तथा गुढ़ में 22 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 62.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 126.3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 15 मिलीमीटर, गुढ़ में 57 मिलीमीटर, सिरमौर में 81.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 36 मिलीमीटर, सेमरिया में 95 मिलीमीटर, मनगवां में 29 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 61 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

मऊगंज। जिले में वर्षाकाल के दौरान जल भराव, पानी निकासी, बाढ़ की स्थित पर निगरानी रखने तथा राहत एवं सहायता तथा बाढ़ राहत प्रबंधन हेतु जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट मऊगंज में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

टीआरएस कालेज में दीक्षारंभ समारोह का दूसरा दिन

नव प्रवेशित छात्रों को कम्प्यूटर, लैब व संसाधन की दी जानकारी

शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग तथा प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में दीक्षारंभ समारोह के दूसरे दिन के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

रीवा

दूसरे दिन के प्रथम वक्ता प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने छात्रों को महाविद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से परिचित कराते हुए अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह तथा लाल पद्मधर सिंह के देश प्रेम के बारे में बताया। व्याख्यान के दूसरे खण्ड में डॉ. शुक्ल ने युवक रेडक्रास की गतिविधियों से छात्रों को परिचित कराते हुए बताया कि रेडक्रास इकाई अपातकालीन गतिविधियों स्वास्थ सुरक्षा शिक्षा स्वयं सेवा के अवसर नेतृत्व विकास सामाजिक चेतना और नैतिकता तथा मानवीय सहायता के संबंध छात्रों को प्रशिक्षित करने का प्रयास करती है। रेडक्रास इकाई छात्रों के शारीरिक विकास मानसिक स्वास्थ शैक्षिक प्रदर्शन गतिविधियों में भागीदारी आत्म विश्वास अच्छी जीवन शैली अपनाने पर जोर देती है। कार्यक्रम के संयोजक अच्युत पाण्डेय द्वारा छात्रों को कॅरियर परामर्श एवं प्लेसमेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में रोजगार कैम्पस आयोजित किये जाते है जिसके माध्यम से छात्रों का प्लेसमेंट कराया जाता है। डॉ. एस.पी. सिंह ने छात्रों को शैक्षणिक विनिमय और दिशा निर्देश तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्तियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में नव प्रवेशित छात्रों को प्रयोगशालायें कम्प्यूटर लैब युवा संसाधन केन्द्र का अवलोकन तथा पाठ्येत्तर गतिविधियों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया जिसमें छात्रों के प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. अच्युत पाण्डेय तथा आभार प्रदर्शन डॉ. नागेश त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

रीवा में एक दिवसीय बैंक लोन सौंदर्यीकरण अभियान का संचालन

रीवा।

स्वच्छ भारत मिशन 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रीवा में एक दिवसीय बैक लेन सौंदर्यीकरण अभियान का संचालन शहर के वार्ड क्र. 06, 15, 26, 33 एवं 42 में किया गया। जिसमें नागरिकों द्वारा बैक लेन सौंदर्यीकरण के लिये श्रमदान किया गया साथ ही बैक लेन में रंगोली, क्रिकेट आदि अन्य प्रतियोगिताओ का भी आयोजन किया गया। इस अभियान में जीसस क्राइस्ट स्कूल, त्रिपुरा शंकर पब्लिक स्कूल, रोज पेटल हायर सेकेंडरी स्कूल, वेदांता पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त अभियान में आईईसी टीम, स्कूल के कर्मचारी, छात्र, छात्रायें एवं नागरिकगण शामिल रहें।

शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हो रही लगातार कार्यवाही

रीवा।

शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 02.07.2024 को कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी एवं सहायक यंत्री अम्बरीश सिंह के नेतृत्व में सिरमौर चौराहा से कालेज चौराहा तक अवैध रूप से रखी गई दर्जनों गोमतियो को हटाने की कार्यवाही की गई। उक्त गोमतियों के कारण प्रमुख मार्ग अवरूद्ध होता था एवं आवागमन हेतु आमजन को समस्या का सामना करना पड़ता था। उक्त गोमतियों को अतिक्रमणकारियों द्वारा जमाकर रखा गया था जिसको जेसीबी की मदद से उखाड़ कर अतिक्रमण प्रभारी सुखेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा गोमतियों के जप्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही समझाइस दी गई कि पुनरावृत्ति किये जाने पर संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। पीके स्कूल के सामने प्रिंस गारमेंट्स और कंचन ड्रेस के द्वारा दुकान के सामने सड़क पटरी पर गाड़ियां खड़ी करवा कर यातायात बाधित किया जा रहा था जिसे अतिक्रमण प्रभारी द्वारा मौके पर पहुँचकर वाहन हटाये जाने हेतु कहा गया। समझाइस के बाद भी सुधार नही होने पर गाड़ियां को क्रेन की मदद से हटवाते हुए दुकानदारों के ऊपर रुपये 2000 की चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही सिरमौर चौराहा से हास्पिटल चौराहा एवं जयस्तंभ तक एवं शहर के अन्य प्रमुख मार्गो पर सड़क पटरी पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को खाली कराया गया। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

जन सुनवाई में अपर कलेक्टर विकास ने की 120 आवेदन पत्रों में सुनवाई

रीवा

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जन सुनवाई में अपर कलेक्टर विकास डॉ सौरभ सोनवणे ने आमजनता के 120 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सात दिवस में आवेदन पत्रों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई में सीमांकन, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, पेंशन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति, नक्शा तरमीम, हैण्डपंप लगाने, उपचार सहायता सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा नायब तहसीलदार विन्ध्या मिश्रा ने भी आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की।

जन सुनवाई में वीरेन्द्र मिश्रा निवासी भटिगवां ने उनके घर के पास अवैध रूप से खोदे गए नाले को बंद कराने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम जवा को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। रामगोपाल यादव निवासी टीकर ने जमीन के स्वामित्व के संबंध में तहसीलदार द्वारा दिए गए आदेश का पालन कराते हुए शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। लक्ष्मीकांत द्विवेदी निवासी बंजारी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनाई गई गोरगांव रोड में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला प्रबंधक पीएमजीएसवाई को कार्यवाही के निर्देश दिए। मुकद्दर बेग निवासी रीवा ने घोघर मोहल्ले की पुस्तैनी जमीन से अवैध कब्जा हटाने तथा आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में रमाशंकर गौतम निवासी ग्राम बजरा ने सीमांकन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। मीकूलाल साकेत निवासी डाड़ी टोला सरई ने हरिजन बस्ती में हैण्डपंप लगाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। उमाशंकर मिश्रा निवासी सगरा ने खसरे में कूट रचना करके जमीन में किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। रमाकांत पाण्डेय निवासी नौवस्ता ने सीमेंट प्लांट द्वारा अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा देने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को आवेदन में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। बाबूलाल कोल तथा ग्राम बेलवा पैकान के 20 निवासियों ने 50 घरों की बस्ती का आम रास्ता रोकने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम मनगवां को मौके पर कार्यवाही कर आम रास्ता को खुलवाने के निर्देश दिए।

जनसंख्या समाधान फाउंडेशन जन संख्या नियंत्रण उमरिया स्नेह लता शर्मा अध्यक्ष तो संयोजक रिंकी कोल की हुई नियुक्ति

उमरिया। जिले की भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय महिला कार्यकर्ता स्नेह लता की कार्यकुशलता को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने जनसंख्या समाधान फाउंडेशन जो की जन संख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने के लिए 10 वर्षों से लगातार प्रयासरात है, इस संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक इंद्रेश कुमार जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग वंदना त्यागी, राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल, प्रदेश संयोजक अलंकार जैन अधिवक्ता, महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष हेमांगी अरोरा अधिवक्ता, द्वारा मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में महिला विंग की जिला अध्यक्ष व संयोजकों की नियुक्ति किए जाने पर सभी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। दिनांक 27/06/2024 को मध्यप्रदेश के सभी जिलों की कार्यकारिणी का गठन किया गया, उमरिया जिले की जिला-अध्यक्ष के रूप में स्नेह लता शर्मा तथा संयोजक के रूप में रिकी कोल को नियुक्त किया गया। 11 जुलाई को अन्तराष्ट्रिय जनसंख्या दिवस के अवसर पर पूरे देश में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के करोड़ों कार्यकर्ता प्रति वर्ष ज्ञापन सौंप कर जन जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग करते आ रहे हैं। इस वर्ष हमारे जिले में भी 11 जुलाई को कलेक्टर महोदय के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति व प्रधान मंत्री जी को भेजा जाएगा, इसकी तैयारी के लिए पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है, अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा रहा है।इनकी इस नियुक्ति पर भाजपा सहित समस्त जिले वाशियों ने बधाई प्रेषित की है।

नगर परिषद भवन जर्जर, टूट कर गिर रहा प्लास्टर, किसी भी दिन घट सकती है दुर्घटना

ब्यौहारी-पूरे नगर की व्यवस्था देखने वाले नगर परिषद की व्यवस्था खुद गड़बड़ बनी हुई है और नगर पालिका भवन जर्जर है इसके प्लास्टर टूट टूट कर गिर रहे हैं लेकिन इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं नगर पालिका के पुराने गेट से लगी हुई जो बिल्डिंग है इसका प्लास्टर गिरा पड़ा था। एक तरफ नगर पालिका खुद कहती है कि जो जर्जर मकान है उनको तुड़वा दिया जाए और उनकी जगह में नई बिल्डिंग बनाई जाए लेकिन व्यवहारी नगर पालिका की बिल्डिंग खुद ही जर्जर है व्यवहारिक नगर पालिका को आखिर नई बिल्डिंग कब तक में मिलेगी। कर्मचारी एवं नगर वासियों ने कलेक्टर से शीघ्र नगर पालिका भवन की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस की प्राचार्या डॉ आशा अग्रवाल की सेवानिवृत्ति होने पर भावभीनी विदाई दी गई

38 बर्ष सेवा देकर अनेक उपलब्धियां दिला कालेज से विदा ली प्रोफेसर श्रीमती आशा अग्रवाल

बुढार । प्रधानमंत्री कांलेज आफ एक्सीलेंस मे पदस्थ प्राचार्या डॉक्टर आशा अग्रवाल ने महाविद्यालय में लगभग 38 वर्षों से लगातार सेवाएं प्रदान कर कालेज को अनेकों उपलब्धि दिलाकर बीते 30 जून को सेवानिवृत्ति होने पर भावभीनी विदाई देकर महाविद्यालय परिवार उनके कार्यों को सदैव याद रखेगा। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं महाविद्यालय स्टाफ सहित सभी के दिलों में उन्होंने अपना स्थान बनाया। विदा होते समय सभी की आंखें नम हो गई, उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं वे सेवानिवृत्ति जरूर हुई है पर सेवा के दायित्व से नहीं। उनके मार्गदर्शनो को हमें हमेशा अपेक्षा रहेगी । महाविद्यालय परिवार उनकी समर्पण और कड़ी मेहनत एक प्रेरणा रही है। आपकी शानदार सेवानिवृत्ति के लिए हम सभी की ओर से आपको शुभकामनाएं। विदाई समारोह कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कार्यालय स्टाफ के लोगों ने मेरा भरपूर सहयोग प्रदान किया उनके सहयोग के बिना महाविद्यालय को चलाना संभव नहीं था। आज मैं इस कार्यक्रम मैं सभी को धन्यवाद देती हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष निलेश जैन ने कहा कि आज हमारी प्राचार्या सेवानिवृत्ति जरूर हो रही हैं लेकिन उनके योगदान, समर्पण, एवं मार्गदर्शन को हम निरंतर याद करते रहेंगे। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ गंगा मिश्रा ने कहा कि मैडम 38 वर्षों के अनवरत ,अथक, एवं प्रेरणादाई कार्यों की सराहना की और कहा कि मैं उन्हें कभी नहीं भूल पाऊंगी। उन्होंने उनके स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना की। डॉ अनिल उपाध्याय ने प्राचार्य मैडम के साथ बिताए पलों को याद दिलाई और कहा कि मैडम का साथ निरंतर हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता रहा है। पल-पल उन्होने हम लोगों का सहयोग किया। उनकी विदाई समारोह में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक कार्यालय स्टाफ एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा और उन्होंने उन्हें विदाई दी और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की है।

खबर संक्षेप

नवीन आपराधिक कानून के संबंध में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अनूपपुर। नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी देने हेतु जिला चिकित्सालय परिसर स्थित स्वसहायता भवन में 1 जुलाई को जिला एवं सत्र न्यायालय की जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर की सचिव श्रीमती मोनिका आध्या तथा जिला अपर सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल व पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमे नए संशोधित कानून के लागू करने एवं बदलाव के विषय में जानकारी प्रदान की गई। नवीन आपराधिक कानून 2023 के संबंध में बताया गया कि यह कानून 1 जुलाई से लागू किया गया है और इस कानून में जो नए बदलाव किए गए हैं उनमें भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में परिवर्तन के साथ कुछ नई बातों का समावेश कानून में किया गया है जो 1 जुलाई से देश भर में लागू हो चुका है। नए कानून के बदलाव एवं उसमे हुए संशोधन की जानकारी अधिक से अधिक आमजनों को हो इसके लिए सरकार द्वारा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से भी जानकारी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास हो रहा है। नए कानून के बदलाव से हम लोगों को इसका लाभ मिलेगा। यह कानून पराधीन भारत में अंग्रेजों के द्वारा 1860 एवं 1872 में कानून बनाया गया था जो अभी तक देश में चल रहा था। नए कानून के संशोधन के बाद इसमें काफी बदलाव किए गए हैं जहां मानव जीवन से संबंधित घटनाओं अपराधों के क्रम को ऊपर किया गया है वहीं महिलाओं बच्चों से संबंधित अपराधों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है पहले कुल 511 धारा थी इनमें से अब कुल 358 धाराएं हैं। सीआरपीसी में धाराएं बढ़ाई गई हैं अनेक अपराधों पर पहले कोई धारा नहीं थी जिनका समावेश नए कानून में किया गया है।

जिले में 14.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 14.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर में 2.8, जैतहरी में 2, वेंकटनगर में 16.4, पुष्पराजगढ़ में 22.6, अमरकंटक में 36 तथा बेनीबारी में 36.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र कोतमा तथा बिजुरी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण की तैयारी प्रारंभ

कटनी। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2024 की तैयारी हेतु प्रक्रिया एवं मतदाता सूची तैयार करनें का कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2024 की तैयारी हेतु जिला एवं विकासखेड स्तर पर 25 मास्टर ट्रेनर नियुक्त करते हुए दो जुलाई मगलवार को अपरान्ह 2 बजे से कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार कक्ष में उपस्थित होकर खंड स्तरीय समस्त मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा खंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर को 4 जुलाई 2024 गुरूवार को नियुक्त रजिस्ट्रीकरण सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्देशानुसार प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए है।

व्यापारी से मारपीट पर कोतमा थाने मे 2 के खिलाफ अपराध दर्ज

नए कानून के तहत जिले में दर्ज हुई दो एफआईआर

सोमवार एक जुलाई से पूरे देश में भारतीय न्याय संहिता-2023 (बीएनएस) के तहत मामले दर्ज होना शुरू हो गए। इसी नये कानून के तहत जिले के कोतमा थाने मे व्यापारी से मारपीट पर 2 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया वही भालूमाडा थाने मे भी भारतीय न्याय संहिता के नए कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया। दोनो ही मामलों मे पुलिस की कार्यवाही जारी है।

जमीनी विवाद पर भालूमाडा थाने में हुआ काउंटर एफआईआर

कोतमा। नगर के वार्ड क्रमांक 2 में रहने वाले व्यापारी अपूर्व अग्रवाल उर्फ अंशु 27 वर्ष के साथ दो लोगों ने विवाद करते हुए दुकान में घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मारपीट से आहत फरियादी द्वारा थाना कोतमा में शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट के बाद आरोपियों के खिलाफ नए कानून की नई धारा बीनएस की धारा 333, 296, 115 (2) 351 (3) 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि अपूर्व अग्रवाल की टाइल्स की दुकान ज्योति पेट्रोल पंप बुढानपुर तिराहे पर स्थित है। कुछ दूर पर आरोपी भी टाइल्स की दुकान संचालित करता है। पूर्व में अविनाश द्वारा टाइल्स अपूर्व से लिया जाता रहा लेकिन पैसे में लेट लतीफी होने पर फरियादी द्वारा सामान देना बंद कर दिया गया जिस बात को लेकर आरोपी रंजिश रखते हुए मंगलवार को मेरे ग्राहक को सामान क्यों दिए बोलकर दुकान के अंदर घुसकर विवाद करने लगे और गाली गलौज कर हाथ मुक्का हुआ डंडे से मारपीट करने लगे और दोबारा मेरे किसी ग्राहक को टाइल्स बेचे तो जान से खत्म कर देने की धमकी भी दिए। मारपीट से हाथ, पाव, कंधा एवं आंख के नीचे चोट आई है। पुलिस ने मामले में गाली गलौज कर दुकान में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुंदरेश सिंह ने बताया कि नए कानून के तहत थाना कोतमा में भारतीय न्याय संहिता के तहत पहला अपराध दर्ज किया गया जिसमें दो आरोपियो के खिलाफ विभिन्न धाराओ में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

भालूमाड़ा में भी दर्ज हुई पहली एफआईआर

भालूमाडा थाना अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता नए कानून के तहत सोमवार को एक मामला दर्ज किया गया है। यह जिले का पहला मामला है, जहां जमीनी विवाद में चाची और भतीजे के बीच चमकर मारपीट हुई। मारपीट के मामले में पुलिस में चाची सरोज यादव उम्र 40 वर्ष निवासी कोटमी और सोमनाथ यादव दोनों के खिलाफ काउंटर एफआईआर दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 115, 296, 351 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया है। पूरे मामले में भालूमाडा थाना प्रभारी राकेश ऊईके ने बताया कि नए कानून के तहत मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। नए कानून को लेकर सोमवार को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित स्वसहायता भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मोनिका आध्या अनूपपुर और जिला अपर सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मोनिका आध्या ने कहा कि नए कानूनी से फरियादी को काफी राहत मिलेंगी। नए कानून में महिला संबंधित अपराधों को लेकर सख्त सजा का प्रावधान किया गया है।

वापस जाने को तैयार नहीं दोनों हाथी, अलग-अलग स्थान पर कर रहे विचरण

सीसीएफ, डीएफओ ने दो दिनों से हाथी प्रभावित क्षेत्र में डाला डेरा

अनूपपुर। 17 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य से आए दो प्रवासी नर हाथियों का समूह तीन दिनों से निरंतर पश्चिम बंगाल के हुल्ला पार्टी दल द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयास के बाद भी वापस जाने को तैयार नहीं है दोनों हाथी हुल्ला पार्टी के भगाए जाने के निरंतर किए जा रहे प्रयास के बाद तेजी से भाग कर गोबरी एवं अन्य जंगलों में बड़े पैमाने पर लगे लेन्टाना की झाड़ियो के बड़े-बड़े आकार के होने के कारण भागते समय डर, थक जाने पर अलग-अलग होकर छुप जाते हैं, सोमवार एवं मंगलवार की दोपहर से लेकर देर रात तक हाथियों को सीमा क्षेत्र से वापस किए जाने का निरंतर प्रयास किया गया लेकिन दोनों हाथी देर रात अलग-अलग होकर अपने पूर्व छिपने, रहने के स्थल के समीप आकर विचरण करते रहे इस बीच एक हाथी वन परिक्षेत्र एवं थाना अनूपपुर के दुधमनिया बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत पगना के वार्ड नंबर 9 बरटोला में एक ग्रामीण के घर रात दो बजे के लगभग अचानक धाबा बोलकर घर में तोड़फोड़ करते हुए अंदर रखे अनाज को अपना आहार बनाया इस बीच अचानक हाथी के प्रवेश करने की आहट पाकर ग्रामीण का परिवार भाग कर दूर चले जाने से बाल-बाल बच सका। हाथियों को जिले से बाहर किए जाने के प्रयास पर शहडोल वन के वृत के मुख्य वन संरक्षक एलएल उईके,वन मंडलाधिकारी सुश्री श्रद्धा पेन्द्रे के साथ जैतहरी, अनूपपुर एवं जिले के अन्य रेन्जो के वन अधिकारी/कर्मचारी, सुरक्षाश्रमिक, ग्रामीण विगत दो दिनों से गोबरी, ठेंगरहा, पंगना, बेलियाकछरा आदि क्षेत्र में जो दोनों प्रवासी हाथियों का विचरण क्षेत्र है में डेरा जमाए हुए हैं। रविवार एवं सोमवार की मध्य रात से दोनों हाथी अलग-अलग होकर दुधमनिया, गोबरी के जंगल में लेन्टाना के बीच अपने को छिपा कर ठहर कर विचरण कर रहे हैं जिसे पूरे दिन ग्रामीण, वनरक्षकों, सुरक्षा श्रमिकों, हाथी मित्र दल सदस्यों के साथ खोजते रहे हैं जो देर शाम से दोनों हाथियों को जिले की सीमा से वापस किए जाने का प्रयास पश्चिम बंगाल से आए हुल्ला पार्टी दल के सदस्यों के साथ जा रहा है।

कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का पौधारोपण कर किया शुभारंभ

जिलेवासियों से पौधरोपण करने कलेक्टर ने की अपील

अनूपपुर। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत कोहका पूर्व में मियां बाकी तकनीक के माध्यम से पीपल का पौधारोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान का अनूपपुर जिले में शुभारंभ किया। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश भर में वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पौधारोपण का कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसके परिपेक्ष्य में अनूपपुर जिले में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 वाटरशेड विकास परियोजना द्वारा चार प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं जिसके तहत 12 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा यह पौधारोपण मियां बांकी तकनीक से किया जा रहा है। इसी के तहत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत कोहकापूर्व में एक एकड़ क्षेत्र में मियाबाकी पद्धति से 4 हजार पौधों का रोपण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अनूपपुर जिले के सभी नागरिकों से कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम लगाकर और उसे मेरी लाइफ ऐप के माध्यम से जियो टैग कर एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

कलेक्टर ने किया उद्यानिकी नर्सरी पुष्पराजगढ़ का निरीक्षण

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के उद्यानिकी नर्सरी पुष्पराजगढ़ का निरीक्षण किया तथा नर्सरी में अमरूद, नींबू, नाशपाती, आम इत्यादि के वृक्षों का जायजा कर लिया। कलेक्टर ने नर्सरी में अलग-अलग किस्म के फलदार पौधों का रोपण करने के भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

बनाए गए किरगी नर्सरी का किया निरीक्षण

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत किरगी में मनरेगा के अंतर्गत बनाए गए नर्सरी का निरीक्षण किया। कलेक्टर को अवगत कराया गया की नर्सरी का क्षेत्र दो एकड़ का है। जिस पर कलेक्टर ने नर्सरी के विकास के लिए फलदार तथा अन्य किस्म के पौधों की नर्सरी तैयार करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिपं. सीईओ ने नमकीन यूनिट का किया निरीक्षण

अनूपपुर। जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोहका पूर्व में आजीविका मिशन के माध्यम से स्व सहायता समूह द्वारा संचालित अमरकंटक कोदो प्रसंस्करण ईकाई की नमकीन प्रसंस्करण यूनिट का कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नमकीन प्रसंस्करण यूनिट की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा प्रंसस्करण कार्य में लगी मशीनों का अवलोकन किया। इस दौरान नमकीन प्रसंस्करण ईकाई को संचालित करने वाली स्व सहायता समूह की सदस्यों से चर्चा की। चर्चा के दौरान स्व सहायता समूह की सदस्यों ने कलेक्टर एवं जिपं. सीईओ को अवगत कराया कि कोदो प्रसंस्करण ईकाई के साथ ही नमकीन प्रसंस्करण यूनिट का संचालन प्रारंभ किया गया है। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने भी जिला प्रशासन द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं के आजीविका संवर्धन के लिए स्थापित की गई यूनिट का भ्रमण करते हुए कार्य की सराहना की गई तथा सो सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया।

बदरा में 5 हेक्टेयर क्षेत्र में मनरेगा के तहत स्थापित होगी नर्सरी

कलेक्टर एवं जिपं. सीईओ ने नर्सरी स्थापना के कार्यों का लिया जायजा

अनूपपुर। जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बदरा में 5 हेक्टेयर भूमि पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी स्कीम (मनरेगा) के तहत स्थापित की जा रही। नर्सरी का कलेक्टर आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नर्सरी की सुरक्षा के लिए फेंसिंग कार्य का जायजा लेते हुए कलेक्टर एवं जिपं. सीईओ ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के संबंध में संबंधित अमले को दिशानिर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ऊषा किरण गुप्ता सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बदरा नर्सरी में पौधरोपण कार्यक्रम जुलाई माह के प्रथम पखवाड़े में ही आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण में समाज के सभी लोगों तथा जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शासकीय सेवकों, पंचायत राज के पदाधिकारियों तथा नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान अवगत कराया गया कि बदरा में स्थापित की जा रही मनरेगा नर्सरी में 30 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। नर्सरी के संबंध में जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ऊषा किरण गुप्ता ने कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

जनसुनवाई में 60 आवेदकों की सुनी समस्याएं

अनूपपुर। आम आदमी की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित की जाने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में अपर कलेक्टर अमन वैष्णव एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा तथा संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत, तहसीलदार अनुपम पाण्डेय तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई में आए लोगों की समस्याओं को सुना गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से अपनी समस्याएं लेकर आए 60 लोगों ने आवेदन-पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में धनगवां पूर्वी के रामाधार राठौर ने तालाब में अवैध कब्जा, ग्राम कांसा निवासी रामजियावन पटेल ने भूमि का पट्टा बनाए जाने के संबंध में, वार्ड नं. 2 अनूपपुर के राजेश जंगवार ने जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के संबंध में, ग्राम पाली के मायाराम केवट ने भूमि का सीमांकन कराए जाने, ग्राम चोरभठी के गुलाब सिंह राठौर ने रिकार्ड सुधार के संबंध में तथा जैतहरी बेलिया सड़क निर्माण कार्य के अवरोध को दूर करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज कार्य को जल्द पूर्ण करने में लाएं तेजी-अपर कलेक्टर

निर्माणाधीन रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज कार्य की वस्तुस्थिति का लिया जायजा

अनूपपुर। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने मंगलवार को अनूपपुर जिला मुख्यालय में निमार्णाधीन रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज कार्य का निरीक्षण किया तथा फ्लाईओवर ब्रिज कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के संबंध में कार्य में तेजी लाने के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर ने फ्लाई ओवर ब्रिज के गुणवत्ता के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। अपर कलेक्टर को अवगत कराया गया कि फ्लाई ओवर ब्रिज के दोनों ओर मार्गो में आवागमन की स्थिति बेहतर नहीं है। वर्षा के कारण कीचड़ की स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। जिस पर अपर कलेक्टर ने कीचड़ वाले मार्ग पर बजरी गिट्टी डलवाने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर ने निमार्णाधीन फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे रखे सरिया एवं अन्य निर्माण सामग्रियों को व्यवस्थित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर ने फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्य की वस्तुस्थिति एवं प्रगति की जानकारी प्रतिदिन प्रदान करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी सेतु को दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सेतु, रेलवे की जूनियर इंजीनियर सहित जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं नागरिक उपस्थित थे।

पैडी ट्रांसप्लांटर रोपाई से उपज में 10 से 12 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी संभव

अनूपपुर। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत बदरा में कृषि विभाग द्वारा नवाचार के तहत किसान रामप्रमोद साहू के खेत में पैडी ट्रांसप्लांटर से रोपाई के विधि का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, उप संचालक कृषि एन.डी. गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी तथा किसान उपस्थित रहे। कलेक्टर को पैडी ट्रांसप्लांटर रोपाई के संबंध में जानकारी देते हुए उप संचालक कृषि ने अवगत कराया कि 4 से 5 किसान रामप्रमोद साहू की भूमि पर पैडी ट्रांसप्लांटर विधि से खेती का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में किसानों को इस विधि का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। जिले के एक हजार हेक्टेयर क्षेत्र में पैडी ट्रांसप्लांटर रोपाई का लक्ष्य लिया गया है। पैडी ट्रांसप्लांटर से धान रोपाई बहुत ही आसान है, मशीन द्वारा 1 एकड़ की धान की रोपाई मात्र 2 से 3 घंटे में पूरी हो जाती है एवं इसमें अपेक्षाकृत लागत भी कम आती है। पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन से मैट टाइप नर्सरी तैयार करने से उत्पादन में भी 10 से 12 प्रतिशत बढ़ोतरी भी होती है। पैडी ट्रांसप्लान्टर से रोपाई करने में जहाँ कम श्रमिकों की आवश्यकता पड़ती है वही इससे बीज की बचत एवं निंदाई, गुड़ाई एवं कटाई आदि कार्य भी आसानी से किये जा सकते हैं।